पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले अमेरिका के राजदूत

लखनऊः 6 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से भारत में अमेरिका के राजदूत श्री कैनेथ आई0 जेस्टर ने आज राजभवन में शिष्टाचारिक भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर भी उपस्थित थीं। राज्यपाल ने अमेरिका के राजदूत को अगले वर्ष आयोजित होने वाले 'कुंभ-2019' की महत्ता बताते हुये उन्हें कुंभ मेले में आमंत्रित भी किया।

राज्यपाल ने भेंट के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश निवेश की दृष्टि से अनुकूल है। कानून-व्यवस्था एवं ऊर्जा के क्षेत्र में सुधार हो रहा है। माह फरवरी में सम्पन्न हुये इंवेस्टर्स समिट में रूपये 4.68 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। बिजली, कानून व्यवस्था आदि मोर्चे पर सरकार के ठोस कदम को देखकर उद्योगपतियों का विश्वास देखने को मिला, जिसका परिणाम है कि कई देशों के उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मंत्री श्री सिद्धार्थ सिंह प्रदेश में निवेश के लिये गत माह अमेरिका के दौरे पर गये थे, जो काफी सफल रहा।

श्री नाईक ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी के लिहाज से सबसे बड़ा प्रदेश है इसलिये उपभोक्ता, शिक्षित एवं कुशल मानव संसाधन भी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं कृषि आधारित अन्य उद्योग हैं, जिनमें असीम सम्भावनाएं हैं। प्रदेश का लगभग हर जनपद किसी न किसी विशेष उत्पाद के लिये जाना जाता है। फलों की खेती एवं अन्य औद्यानिक फसलों की खेती भी यहां होती है, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध प्रदेश है।

राज्यपाल ने कहा कि उच्च शिक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। केवल 28 राज्य विश्वविद्यालयों में पिछले शैक्षणिक वर्ष में 15.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गयी हैं जिनमें 51 प्रतिशत छात्रायें हैं। महिलाओं का बदलता हुआ चित्र प्रगति का सूचक है। शिक्षित मानव संसाधन के रूप में यह देश के लिये बहुत बड़ी पूंजी है। किसी भी अन्य देश में शिक्षित युवाओं की इतनी संख्या नहीं होगी।

राज्यपाल ने इस अवसर पर अमेरिका के राजदूत श्री कैनेथ आई0 जेस्टर को 'बर्डस आॅफ राजभवन उत्तर प्रदेश' तथा अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' के अंग्रेजी संस्करण की प्रति भेंट की।

अंजुम/ललित/राजभवन (227/4)

An Initiative of Indian Bird Conservation Network
उत्तर प्रदेश
राज भवन के पक्षी
BIRDS of
Raj Bhavan
UTTAR PRADESH
Marching Ahead
Ram Naik

ORIGAMI